कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 28-01-2025

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा महाकुंभ-2025 के पलट प्रवाह के दौरान काशी में श्रद्धालुओं के सहज, सुरक्षित व व्यवस्थित दर्शन हेतु भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये गये निर्देश।

- **महाकुंभ-2025 के अमृत स्नान पर्व अमावस्या एवं श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा/यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त ने भ्रमण/निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**
- **महाकुंभ-2025 में प्रयागराज जाने व वहाँ से आने वाले लगभग 25 लाख श्रद्धालुओं का प्रतिदिन काशी में हो रहा है आवागमन, श्रद्धालुओं के सहज, सुरक्षित व व्यवस्थित दर्शन हेतु पर्याप्त संख्या में लगायी गयी है पुलिस व पीएसी बल की ड्यूटी।**
- **यात्रियों की सुविधा व सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत मार्गों पर स्थित विद्यालयों व मैरिज लॉनों को अधिगृहीत कर बनाये गये हैं पार्किंग स्थल।**
- **दर्शनार्थियों से निरन्तर संवाद और मार्गदर्शन हेतु पुलिसकर्मी लाउड हेलर व पीए सिस्टम एवं भीड़ प्रबन्धन हेतु रस्सों का करें प्रयोग।**
- **अधिकारीगण पुलिसकर्मियों को मौके पर करें ब्रीफ, श्रद्धालुओं के साथ पुलिसकर्मी रखें विनम्र व सहयोगात्मक व्यवहार।**

आज दिनांक 28.01.2025 को **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल** द्वारा महाकुंभ-2025 के आगामी अमृत स्नान पर्व अमावस्या एवं श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था हेतु श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र व स्नान घाटों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर रस्सा पार्टी बढ़ाने, यातायात प्रबन्धन के लिए ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सीटी, लाउड हेलर व रस्सा के साथ ड्यूटी व पुलिस की निरन्तर पेट्रोलिंग किये जाने के संदर्भ में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस आयुक्त द्वारा श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व दर्शनार्थियों के सहज, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन एवं मंदिर में लगातार मूवमेन्ट बने रहने के संदर्भ में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव वंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री सरवणन टी. एवं सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।